हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025





तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

श्रमदान कर की गई साफ- सफाई



## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**बीरमित्रपुर।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को टाउन हाल में साइबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीपीओ सुशांत दास ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अंजान व्यक्ति से बैंक विवरण या ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में आईआईसी राम प्रसाद नाग ने जानकारी दी कि यह राज्यव्यापी अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगा। इस अवधि में विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और साइबर रथ पूरे राज्य में भ्रमण कर जनता को जागरूक करेगा। इस अवसर पर कटक से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा।

### पिकनिक मनाने गए दो छात्रों की डूब कर मौत

**राउरकेला।** मस्ती भरा पिकनिक पल भर में मातम में बदल गया जब राउरकेला सेक्टर 20 इस्पात इंग्लिश स्कूल के दसवीं कर छात्र में से दो छात्र ओम सुना 16 वर्ष और अनुराग दास 16 वर्ष की बिरकेरा रांटो घाघरी झरने में डूबकर मौत हो गई। दोनों राउरकेला सेक्टर-20 स्थित इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र थे। अन्य चार साथी अभिजीत हेंब्रम, सुमित कुमार अभिषेक साहू और प्रीतम हांसदा किसी तरह बच निकले। जानकारी के अनुसार छात्र शुक्रवार सुबह स्कूल जाने के बहाने घर से निकले और बाइक से बिरकेरा के घाघरी झरने पहुंचे। झरने में नहाते समय पहले अनुराग फिसलकर गहरे पानी में डूब गया। उसे बचाने के प्रयास में ओम भी पानी में कूद गया, लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दोनों शवों को बांस की मदद से बाहर निकाला गया। ब्राह्मणीतरंग पुलिस ने शवों को राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया है। शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शवो को परिजनों को सौंप दिया। घटना से पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल है, जबकि स्कूल में शोक की लहर छा गई है।

### भीड़ में मोबाइल उड़ाने वाला शातिर गिरफ्तार

**राउरकेला।** धनतेरस की रौनक के बीच राउरकेला के डेली मार्केट क्षेत्र में शनिवार की शाम को एक शातिर जेबकतरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के अनुसार डेली मार्केट के राजस्थान सैलून के पास खरीदारी में व्यस्त एक ग्राहक की जेब से युवक ने मोबाइल फोन चुरा लिया। बगल में मौजूद एक व्यक्ति ने चोरी की यह हरकत देख ली और शोर मचा दिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और लोगों ने उच्चके को पकड़ लिया। भीड़ के उग्र होने से पहले ही मौके पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में प्लांट साइट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक ने इससे पहले मंगल भवन और आसपास के इलाके में भी लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी की यह कोशिश अंततः उसे सलाखों के पीछे पहुंचा गई।

### मोबाइल व स्कूटी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**राउरकेला।** रघुनाथपाली थाना अंतर्गत 16 अक्टूबर की रात 8 बजे, राउरकेला के आरजीएच, बेड नंबर 29 से दो व्यक्तियों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना सामने आई। पुलिस ने त्वरित जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ब्राह्मणितरंग क्षेत्र से स्कूटी भी चोरी की थी और उसे बेचने या अन्य झपटमारी के उद्देश्य से इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों मे सुमन खान 32, पिता हसीम खान, कुंभारपाड़ा, राउरकेला व मोहम्मद हबीब 31 पिता स्व. मोफिस, मेहताब रोड, राउरकेला शामिल हैं। इनसे एक काले रंग का रेडमी मोबाइल और एक सफेद रंग की एक्टिवा 6 स्कूटी रजिस्ट्रेशन ऑडी 16 एल 7278 जब्त की। आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा हैं। सुमन खान और मोहम्मद हबीब के खिलाफ पहले भी कई थाने में चोरी, झपटमारी, मारपीट और अन्य अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है और चोरी की संपत्ति को बरामद कर लिया गया है।

### एक ही कमरे में संचालित होती है तीन कक्षाएं, संकट में बच्चों का भविष्य

# पतरापाली के जर्जर स्कूल में न बाथरूम और ना ही क्लासरूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर सामने आई है। पतरापाली पूर्व स्थित प्राथमिक शाला बदहाली के दौर से गुजर रहा है। इस स्कूल में न तो बच्चों के लिए बाथरूम की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त क्लासरूम हैं। जिससे बच्चों का भविष्य संकट में नजर आ रहा है।

पतरापाली पूर्व गांव का प्राथमिक शाला आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए बाथरूम की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूल में एक ही कमरे में तीन-तीन कक्षाएं संचालित होती हैं। इसके अलावा यहां की दीवारें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, जिससे बारिश में छत से पानी टपकता है। इससे बच्चों और शिक्षकों दोनों को असुविधा होती है। जर्जर दीवारें कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। गांव के लोगों और अभिभावकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

डीईओ को ज्ञापन देने पहुंचे पतरापाली पूर्व निवासी नवदीप सिंह चंदेल ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। एक कमरे में तीन-तीन क्लास चल रही है। न बाथरूम की व्यवस्था है और न ही स्कूल में किसी प्रकार की सुविधा है। इस जर्जर भवन में काम चल रहा था, जोकि तीन से बंद हो चुका है। जिला शिक्षाधिकारी के पास आए थे तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि कल से काम शुरू हो जाएगा।

#### भवन की सूची मंगाए हैं

कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई है। ऐसे जो जर्जर स्कूल हैं इसके लिए हमनें आरईएस से एक स्टीमेट मांगा है। वैसे 18 तारीख को शिक्षा मंत्री इस संबंध में रायपुर में बैठक लिए थे। जितने भी जर्जर भवन, नए भवन और रिपेयरिंग लायक भवन हैं उनकी सूची मंगाए हैं, उनको उपलब्ध कराएंगे।

-केवी राव, डीईओ, रायगढ़

## उद्योगपति ने फर्जी दस्तावेज के सहारे रिश्तेदार को लगाया साढ़े 4 करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ पूंजीपथरा पुलिस ने उद्योगपति व उसके दो बेटों के खिलाफ दर्ज किया मामला

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक उद्योगपति ने फर्जी दस्तावेज के सहारे अपने ही रिश्तेदार को साढ़े 4 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी व उसके बेटों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार सुरजपुर के केतका रोड के रहने वाले 56 वर्षीय अजय अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी हरविलास अग्रवाल 58 वर्ष और उसके दो बेटे प्रणव अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने मिलकर बांकी बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के शेयरों को फर्जी तरीके से अपने नाम ट्रांसफर करवा लिया है। जबकि श्री बांके बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड पारिवारिक कंपनी है। पीड़ित अजय अग्रवाल ने बताया कि इस कंपनी के शेयर 10 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर 21 मार्च 2005 से 31 मार्च 2023 के बीच खरीदे थे। उन्होंने कुल 28 शेयर सर्टिफिकेट लिए थे, जिनकी मौजूदा कीमत करीब साढ़े चार करोड़ रुपए है। अजय का आरोप है कि हरविलास अग्रवाल और उसके दोनों बेटे आयुष अग्रवाल और प्रणव अग्रवाल ने मिलकर धोखाधड़ी की है। उन्होंने एक फर्जी दस्तावेज तैयार किया और 16 मई 2024 को 100 रुपए के स्टांप पेपर पर एक नकली गिफ्ट डीड (शेयर ट्रांसफर डीड) बनवाई। इस गिफ्ट डीड को असली दिखाने के लिए उस पर अजय अग्रवाल के फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिए गए। पीड़ित अजय अग्रवाल ने रिपोर्ट में बताया कि जिस दिन उसके नाम से स्टांप पेपर खरीदा गया, उस दिन वह रायगढ़ में मौजूद ही नहीं थे। उसका आरोप है कि हरविलास अग्रवाल और उसके बेटों ने फर्जी गिफ्ट डीड बनवाकर उसे नोटरी से सत्यापित भी करवा लिया। जबकि गिफ्ट डीड को केवल रजिस्ट्रार ही वैध रूप से निष्पादित कर सकता है, नोटरी को इसकी अनुमति नहीं होती।

दूसरे से ठगी की मिली जानकारी -करीब दो हफ्ते पहले ओडिशा के एक पहचान वाले वकील ने अजय अग्रवाल से यह पूछताछ की कि क्या उसने श्री बांके बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के शेयर हरविलास अग्रवाल को दानपत्र (गिफ्ट डीड) के जरिए ट्रांसफर कर दिए हैं। यह सुनकर अजय हैरान रह गया। उसने साफ कहा कि उसने कभी भी अपने शेयर हरविलास के नाम नहीं किए हैं। तभी उसे इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद उसने पूंजीपथरा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हरविलास अग्रवाल और उसके दोनों बेटों आयुष अग्रवाल और प्रणव अग्रवाल के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## डीईओ डहरिया का भिनोदा स्कूल में औचक निरीक्षण

**सारंगढ़।** शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर निरंतर सक्रिय जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने ग्राम पंचायत भिनोदा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। भिनोदा पहुंचने पर उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनकी शैक्षणिक समझ व पठन पाठन स्तर की परख की। कमजोर छात्रों के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षा लेने के निर्देश दिए ताकि किसी भी बच्चे की शिक्षा प्रभावित न हो।

■ डीईओ ने शिक्षा सुधार के प्रति दिखाया सख्त रुख और संवेदनशील दृष्टिकोण

निरीक्षण के दौरान जर्जर भवन की स्थिति देखकर उन्होंने तत्काल उन कक्षाओं में बच्चों को न बैठाने के निर्देश दिए और भवन मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया। डीईओ ने मिडिल स्कूल में दो शिक्षकों के एक साथ अवकाश पर रहने एवं एक शिक्षक के देर से आने पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जो शिक्षक और शिक्षिकाएं समर्पण के साथ उत्कृष्ट शिक्षण कार्य कर रहे थे, उनकी खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अच्छे शिक्षक ही मजबूत समाज की नींव होते हैं।निरीक्षण के दौरान उनके साथ ग्राम पंचायत भिनोदा के सरपंच ब्रिज किशोर अजगल्ले भी मौजूद थे। डीईओ ने सरपंच व ग्रामीणों द्वारा स्कूल में निजी शिक्षक की व्यवस्था करने की सराहना करते हुए कहा कि श्भिनोदा ग्राम ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल की है। अंत में उन्होंने सरपंच अजगल्ले को कहा कि विद्यालय की सतत निगरानी करें और यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाए तो तुरंत सूचना दें। डीईओ के इस निरीक्षण से एक बार फिर यह संदेश स्पष्ट हुआ कि वे जिले में शिक्षा के स्तर को ऊँचाई तक पहुंचाने के लिए न केवल कठोर अधिकारी हैं बल्कि संवेदनशील शिक्षा सेवक भी हैं।

## धनतेरस पर शहर के बाजारों में उमड़ी भीड़

### सोना, चांदी, बर्तन व पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी

**राउरकेला।** पवित्र धनतेरस और दीपावली पर्व पर शनिवार को राउरकेला के बाजारों में उत्सव का उल्लास चरम पर रहा। लक्ष्मी पूजन से जुड़े इस शुभ दिन पर सुबह से ही शहर के मुख्य बाजारों डेली मार्केट, जावेरी बाजार, ट्रैफिक मार्केट, बसंती मार्केट, छेंड मार्केट, पनपोष, इस्पात मार्केट और गजपति मार्केट में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



वहीं ट्रैफ़कि कंट्रोल के नाम पर डिलक्स गली के सामने बेरिकेट लगा देने से जावेरी बाज़ार से लेकर डेली मार्केट तक बड़े ग्राहकों को आने में भारी दिक्क़त होने से यहां के व्यवसायियों में असंतोष देखा गया। इस बीच लोगों ने पारंपरिक मान्यता के अनुसार सोना.चांदी, बर्तन, झाड़, दीपक, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां और पूजा सामग्री की खरीदारी कर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सोना और चांदी की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई, जहां लोगों ने शुभ मुहुर्त में आभूषण और सिक्के खरीदे। वहीं बर्तन, कपड़ा, बिजली सजावट और मिठाई दुकानों पर भी खरीददारों का तांता लगा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग धान की पूजन सामग्री और मिट्टी के दीपक बेचते दिखे, जिससे बाजार का दृश्य पारंपरिक और जीवंत हो उठा। तीन दिन तक चलने वाले दीपावली पर्व को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है ताकि भीड़ और जाम की स्थिति पर नियंत्रण की जा सके, लेकिन डिलक्स गली के सामने बेरिकेट लगाने से भारी परेशानी हुई। धनतेरस की इस रौनक ने पूरे शहर में समृद्धि और शुभता का वातावरण बना दिया है।



## गर्म राख से झुलस कर श्रमिक की मौत मामले में अग्रोहा स्टील के प्रबंधक पर केस दर्ज

**रायगढ़।** पिछले महीने अग्रोहा स्टील में एक मजदूर की हादसे में मौत के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने जांच की थी। कारखाना प्रबंधन की लापरवाही और नियमों के उल्लंघन पर श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दायर किया गया है।

दरअसल 24 सितंबर को अग्रोहा स्टील एंड पावर में एक मजदूर पर गर्म राख गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। चंवरपुर, लैलूंगा का रहने वाला उमेश महज 19 साल का था और तीन माह पहले ही अग्रोहा स्टील में काम करने आया था। किसी भी तरह का कोई प्रशिक्षण उसे नहीं दिया गया था और खतरनाक काम में उसको लगाया गया था। राख खाली करने के दौरान उसी के ऊपर राख गिरी जिससे झुलसकर उमेश की मौत हो गई। हादसे की जांच करने के बाद आईएचएसडी उप संचालक राहुल पटेल ने पाया कि इसमें श्रमिक के अधिभोगी उत्तम कुमार अग्रवाल और कारखाना प्रबंधक वीर विक्रम सिंह ने लापरवाही और नियमों का उल्लंघन किया है। दोनों के खिलाफ श्रम न्यायालय में कारखाना अधिनियम 1948 संशोधित 1987 की धारा के उल्लंघन पर श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

## सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने प्रतिभागी 27 तक कर सकते है पंजीयन

**रायगढ़।** युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कर सकते है।



डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत व्यक्तिगत खेल के तहत 100 मीटर दौड़, लम्बीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी तथा गेड़ी दौड़ को शामिल किया गया है एवं दलीय खेल के तहत व्हालीबॉल, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी आदि खेल सम्मिलित है। व्यक्तिगत खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में 15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तथा दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाड़ियों के मध्य आयोजित होगा।

### उर्वरक नमूना मिला अमानक, प्रतिबंध

**रायगढ़।** जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में उर्वरक निरीक्षक अभिषेक पटेल द्वारा लिए गए एक उर्वरक नमूने के अमानक पाए जाने पर संबंधित उर्वरक के भंडारण एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड रायगढ़ में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक श्री पटेल द्वारा नामक उर्वरक का विगत माह नमूना लिया गया था, जिसे जांच के लिए उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, लाभांडी रायपुर भेजा गया। यह उर्वरक आलविन इंडस्ट्रीज धार मध्यप्रदेश द्वारा निर्मित किया गया है। जांच के उपरांत प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट में यह नमूना अमानक घोषित किया गया है।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी में मिली आपत्तिजनक सामग्री

**राउरकेला।** राउरकेला जेल परिसर स्थित राज्य के एकमात्र प्लेस ऑफ सेफ्टी यानी सुरक्षित आश्रय स्थल में शनिवार की अहले सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए औचक छापेमारी की।

■ तड़के पुलिस की छापेमारी में मादक पदार्थ, कैंची, चाकू बरामद

यह अभियान पानपोष एसडीपीओ रश्मि रंजन महापात्र और थाना प्रभारी राजेंद्र स्वाई के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट विकास भुई भी उपस्थित थे। सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई यह कार्रवाई लगभग तीन घंटे तक चली। तलाशी के दौरान पुलिस टीम को कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं, जिनमें बीड़ी, तम्बाकू, गांजा, कैंची, चाकू, हुक्का के सामान सहित अन्य सामग्री शामिल हैं। सभी वस्तुओं को जब्त कर पुलिस ने आगे की जांच प्रारंभ कर दी है। एसडीपीओ रश्मि रंजन महापात्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की प्लेस ऑफ सेफ्टी में इस तरह की सामग्रियों के इस्तेमाल बंदियों द्वारा किये जाने की सूचना पर यह कार्यवाई की गई है। गौरतलब है कि राउरकेला जेल रोड स्थित यह केंद्र बाल अपराधियों के पुनर्वास हेतु संचालित किया जाता है। हाल के दिनों में यहा झगड़े और अनुशासनहीनता की शिकायतें मिल रही थीं। सूत्रों के अनुसार, हालिया झगड़े में शामिल दो बालकों को राउरकेला स्वतंत्र जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और उच्च अधिकारियों ने इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।




### विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय किया जाएगा

## जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल, तमनार ने किया दीपावली बाजार का शुभारंभ

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल, तमनार द्वारा महिला स्व सहायता समूह व हस्तशिल्पियों के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक उन्नयन को सुनिश्चतता उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन व बाजार प्रदान करने हेतु दिवाली बाजार 2025 का भव्य आयोजन किया गया।



जिंदल फाउण्डेशन तमनार द्वारा गठित स्व सहायता समूह के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शिनी सह विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिससे विभिन्न ग्रामों के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीए, मोमबत्तियां, मिट्टी निर्मित कला कृतियां टेराकोटा, साज सज्जा की वस्तुएँ हस्तनिर्मित गृह सज्जा सामग्री, विभिन्न देशी पकवान देशी बड़ा, भजियां लिटी चोखा, मिठाइयाँ एवं अन्य त्योहारी उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। बाजार में ग्रामीण उत्पादों को सभी ने खूब सराहा तथा स्थानीय उत्पादों की बिक्री से महिला समूहों को आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ।

दिवाली बाजार का शुभारंभ जी वेंकट रेड्डी, कार्यपालन निदेशक, संयंत्र प्रमुख जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष, सीएसआर, राजेश रावत, सहायक महाप्रबंधक, श्रीमती शीतल पटेल, प्रबंधक, प्रिंट व इलेक्ट्रानिकस मीडिया के पत्रकार एवं कलाप्रेमी क्षेत्रवासियों के उपस्थिति में फीता काटकर व दीप प्रज्जवलन कर किया। दिवाली बाजार 2025 के आयोजन के उद्देश्यों पर परिचर्चा करते हुए प्रथमतया ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय महिला समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहन, बाजार उपलब्धता एवं प्रचार प्रसार कर उनका आर्थिक उन्मुखीकरण प्रमुख है।

वहीं मुख्य अतिथि जी वेंकट रेड्डी ने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों के स्टाल का अवलोकन कर उत्पादों की प्रसंशा करते हुए कहा कि दिवाली बाजार 2025 का आयोजन क्षेत्र के परिश्रमी महिला स्व सहायता समूह की बहनों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर उन्हें व उनके परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुसम्पन्न बनाना है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं समूह के उत्पादों को प्रोत्साहन व प्रचार प्रसार होता है। ज्ञातव्य हो कि मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए झुलों व पारम्परिक दक्षिण भारतीय, झारखण्डी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी, उड़िया एवं चायनीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए हैं ।

जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान प्रबुद्ध नागरिक, बच्चे ग्रामीण माताएं बहनों एवं प्रिंट व इलेक्ट्रानिकस मीडिया के पत्रकारों के गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम के आयोजन में टीम सीएसआर की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## पटाखा बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से करें पालन : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली त्यौहार के दौरान सुरक्षा मानको का ध्यान रखते हुए पटाखा की बिक्री को लेकर एसपी ने निर्देश जारी किए है। इसी के परिपालन में अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पटाखा व्यवसायियों की बैठक ली। साथ ही नियमों का कडाई से पालन करने निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिले में फटाका बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरती है। इसी कड़ी में शुक्रवार 17 अकटूबर को अपर कलेक्टर आर के तम्बोली, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जिला कमांडेंट सुश्री योग्यता साहू , मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा पटाखा व्यवसायियों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में अधिकारियों ने सभी व्यवसायियों को निर्धारित दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा । फटाका बाजार क्षेत्र में दो पानी के टैंकर तथा एक दमकल वाहन की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा फायर एंड सेफ्टी टीम द्वारा डेमो प्रदर्शित कर व्यापारियों को सुरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में जीते 16 पदक

**रायगढ़।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी प्रसिद्ध मानी जाती है। राजस्थान के अलवर में हुई राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में 16 पदक जीतकर तहलका मचा दिया। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि महिला प्रशिक्षण कांति माणिकपुरी के नेतृत्व में 8 खिलाड़ी अलवर राजस्थान गए थे। जहां उन्होंने पूरी प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों को जीतकर संस्कार पब्लिक स्कूल और रायगढ़ के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। नन्हे मुन्ने खिलाड़ियों में प्रकृति माणिकपुरी गोल्ड एवं सिल्वर, आँचल सिदार गोल्ड एवं सिल्वर, शेख हमादुल्लाह सिल्वर एवं कांस्य इसके अलावा संस्कार जांगड़े, श्रद्धा सिंह ठाकुर, मनीष विशाल, कु. आकांक्षा नेताम व खुशी ने 2-2 कांस्य पदक जीते। खिलाड़ियों की शानदार सफलता पर मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा, प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने कोच श्रीमती कांति माणिकपुरी एवं मैनेजर शेख हिदायतुल्लाह सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## सूने मकान से चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**राउरकेला।** पुलिस ने सेक्टर-6 स्थित एक घर में हुई चोरी का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला सेक्टर-7 थाना में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता जगन्नाथ साहू 63 निवासी दधीबामन नगर, बालासोर वर्तमान में सेक्टर-6 राउरकेला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वे अपनी पत्नी के इलाज के लिए 20 सितंबर से 7 अक्टूबर तक शहर से बाहर थे। उन्होंने अपने घर की चाबी पड़ोसी सौम्य रंजन पटनायक को सौंप रखी थी। 23 सितंबर को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि अज्ञात चोरों ने घर की एस्बेस्टस छत तोड़कर चोरी कर ली है। सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात युवक दीवार फांदकर घर में प्रवेश करते दिखाई दिए। पुलिस जांच के बाद मालगोदाम सरदार बस्ती, राउरकेला के रहने वाले दो युवकों बबलू दास 21 और प्रदीप धनवार 25 को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर धारा 31,3,305,3,5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी किए गए कई सामान बरामद किए, जिनमें चांदी की पायल, चार बिछिया, चांदी का गिलास व कप, पूजा सामग्री, दो कांसे की थाली, कांसे का लोटा, परात और अन्य बर्तन शामिल हैं। हालांकि सोने के सामान समेत अन्य कई सामग्री नही मिली। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

## हायर सेकेंडरी स्कूल बड़सरा की 30 छात्राओं को मिली साइकिल

**भैयाथान।** हायर सेकेंडरी स्कूल बड़सरा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत 30 नव प्रवेशी नवमी कक्षा की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरस्वती साइकिल योजना भाजपा सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाएं अब समय पर विद्यालय पहुंच पा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से बालिकाओं के चेहरों पर खुशी झलक रही है। इस अवसर पर सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रमाशंकर यादव ने कहा कि अध्ययन अध्यापन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसलिए शासन द्वारा यह साइकिल दी जा रही है। एसएमडीसी अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय ने छात्राओं को लगन से अध्ययन करने और आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बर्नाड कुजूर, व्याख्याता एसके पांडेय, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एकादशी पर्व पर श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में भव्य दीप प्रज्वलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय हुई महाआरती में शामिल

एकादशी पर्व की इस विशेष तिथि के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में शुक्रवार की संध्या एक भव्य द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल छा गया। मंदिर परिसर में सैकड़ों दीपों की लौ से जब पूरा वातावरण आलोकित हुआ, तो दृश्य अत्यंत मनमोहक प्रतीत हो रहा था।इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने मंदिर परिसर में विधि-विधान से दीप प्रज्वलन कर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की आराधना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।दीप प्रज्वलन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा। श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर दीप थाली लिए मंदिर पहुंचीं। बच्चों और युवाओं ने भी इस धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



### दीप प्रज्वलन केवल एक परंपरा

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती कौशल्या साय ने कहा–"दीप प्रज्वलन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से छत्तीसगढ़ और जशपुर क्षेत्र में सुख, शांति और विकास का प्रकाश सदैव बना रहे।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा पिछले रथ यात्रा से प्रत्येक एकादशी तिथि पर आयोजित की जाती है।दीपों की जगमगाहट से पूरा दोकड़ा गांव आस्था और भक्ति के रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के जयघोष के साथ पूजा-अर्चना की और एक-दूसरे को एकादशी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### तेज रफ्तार ने फिर ली एक होनहार युवक की जान

# कपड़ा कारोबारी के बेटे की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ अस्पताल की लापरवाही पर फूटा जनाक्रोश

■ एंबुलेस में डीजल नहीं होने के कारण घंटो करना पड़ा इंतजार

शनिवार की सुबह जिला मुख्यालय जशपुर के पास बालाछापर मार्ग पर उस वक्त दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जब शहर के कपड़ा कारोबारी और ठेकेदार कनक चिंडालिया के छोटे पुत्र चेतन जैन की टाटा हैरियर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए और चेतन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कार में सवार उसके तीन दोस्त प्रांजल दास, प्रिशु ठाकुर और हिमांशु डनसेना गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से प्रांजल दास की हालत नाजुक बताई जा रही है।



**गिट्टी खदान देखने निकले थे चारों दोस्त:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चेतन जैन शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे अपने तीन दोस्तों प्रांजल दास, प्रिशु ठाकुर और हिमांशु डनसेना के साथ अपनी टाटा हैरियर कार क्रमांक जेएच 01 एफएल 1818 से गिट्टी खदान का निरीक्षण करने नगेरा पत्थर आरा की ओर निकले थे। जब वे बालाछापर के पास कोरवा हॉस्टल के सामने मेन रोड से गुजर रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे कटहल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चेतन की मौके पर ही मौत हो गई।

**जिला अस्पताल की लापरवाही पर मचा हंगामा:** हादसे के बाद अस्पताल में एक और शर्मनाक स्थिति सामने आई। प्रांजल दास की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए तत्काल उसे एंबुलेंस से रांची के लिए रेफर कर दिया गया था। प्रांजल के बाद उसके अन्य दोनो दोस्तों को भी डॉक्टरो ने रांची के लिए रेफर कर दिया दिया। लेकिन घायलों को रांची रेफर करने के लिए एम्बुलेंस घंटों तक नहीं पहुंच पाई। बताया गया कि एम्बुलेंस में डीजल नहीं था, जिसके कारण अमूल्य समय बर्बाद हुआ। इस लापरवाही को लेकर अस्पताल परिसर में मौजूद नागरिकों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने सवाल उठाया कि जब जिला मुख्यालय का यह हाल है तो अन्य ग्रामीण अस्पतालों की स्थिति क्या होगी।

### प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि पहुंचे अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही विधायक रायमुनि भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, एसडीएम विश्वास राव मास्के, सिविल सर्जन डॉ.विपिन इंदवार और कोतवाली थाना प्रभारी आशीष तिवारी जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### शहर में पसरा मातम

धनतेरस के दिन शहर के व्यवसायी कनक चिंड़ालिया के छोटे पुत्र चेतन जैन के असमय निधन से जशपुर शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। युवा, मिलनसार और मददगार स्वभाव के लिए जाने जाने वाले चेतन की मौत ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। शहर के व्यापारी वर्ग और परिचितों की आंखें नम हैं।

### एंबुलेंस में डीजल था मनोरा से मांगना पड़ा

इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.विपिन इंदवार से बात करने पर उन्होने बताया कि एंबुलेंस में डीजल था और एक साथ तीन घायलों को रेफर करना पड़ा जिसके कारण हमें एक एंबुलेंस को मनोरा स्वास्थ्य केंद्र से मगांना पड़ा जिसके कारण थोडी सी देरी हुई है।

## जोगपाल स्कूल में रंगोली दीया सजाओ प्रतियोगिता



**पत्थलगांव।** जोगपाल पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतगरत विद्यालय के नर्सरी, के जी 1और के जी 2 के द्वारा हैन्डस गिविंग डे मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों ने मिलकर हमारे विद्यालय के सभी हेल्पिग स्टाफ के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए उन्हें फूल दिया और विद्यालय परिसर में उनकी मदद . ध्यान रखने के लिए उनका धन्यवाद किया।

कक्षा पहली, दूसरी व तीसरी कक्षा के छात्र-छात्राओं को मार्केट विजिट के लिए ले जाया गया। सबसे पहले उन्हें फिश एक्वेरियम ले गए जहाँ उन्होने यह जाना कि मछलियों को कांच के अंदर कैसे रखा जाता है उन्हें खाने के लिए क्या दिया जाता है उन्हें जीवित रखने के लिए क्या सुविधाएं दी जाती है। इसके साथ ही उन्हें सब्जी व फल मंडी में भी ले जाया गया। जहाँ उन्होने तरह -तरह की फल व सब्जियों को देखा उनके नामों को जाना तथा फल व हरी सब्जियों को खाने से हमारे स्वास्थ्य को क्या लाभ होते है ये सब जानकारियाँ विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को बाजार भ्रमण करते समय बताया गया। यह बच्चो के लिए एक अच्छा नया अनुभव था जिनमें उन्होने यह जाना कि बाजार में चीजें कैसे खरीदी व बेची जाती हैं। इस भ्रमण के दौरान पत्थलगाँव के नागरिकों द्वारा उन बच्चों के लिए जूस के लिए दिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर कक्षा में कक्षा 6-8 लडकियों के लिए रंगोली व लडकों के लिए दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। सीनियर कक्षा में 9-12 लडकों के लिए तोरण बनाओ व लड़कियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही जूनियर व सीनियर वर्ग की लड़कियों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बिनय राय जी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतियोगियों में जोश भरा।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मना



**राउरकेला।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा का स्थापना दिवस शनिवार को माकपा, सुंदरगढ़ जिला समिति और राउरकेला क्षेत्रीय समिति के संयुक्त तत्वावधान में शक्तिनगर स्थित एकेजी भवन में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला सचिव एवं राज्य सचिव प्रमोद सामल ने पार्टी का लाल झंडा फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज किशोर ने कीए जबकि जिला सचिव श्रीमंत बेहरा ने पार्टी के गठन के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1920 में ताशकंद सोवियत संघद्ध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना एमएन रॉय और अबनी मुखर्जी सहित सात भारतीयों द्वारा की गई थी, जिनमें मुहम्मद शफीक पहले सचिव बने। उन्होंने कहा कि 1917 की रूसी क्रांति से प्रेरित होकर भारत सहित कई देशों में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ आंदोलन तेज हुए और विश्वभर में कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रसार हुआ। कार्यक्रम में बीबी मैती, सुरेंद्र दाश, विश्वजीत माझी, चंद्रभानु दास, भागीरथी टुडू, लक्ष्मीधर नायक, प्रदीप सेठी, दिवाकर महाराणा, अनादि साहू, बसंत पाढ़ी, बासुदेव साहू, एनके राउतराय, कुलमणि राउत, प्रमोद परिदा, जीके नायक, विश्वनाथ लेंका, जन्मेजय घोष सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शहर में युवा उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम

**राउरकेला।** इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स फॉर एससी, एसटी एंड विमेन एंटरप्रेन्योर्स आईसीसीएसटीडब्ल्यूई तथा म्युनिसिपल एससी-एसटी यूनियन, राउरकेला के संयुक्त तत्वाधान में युवा उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन रविवारए 19 अक्टूबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केंद्र में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के युवाओं को आत्मनिर्भरता और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसायिक अवसरोंए सरकारी योजनाओं और आधुनिक उद्यमिता कौशल से अवगत कराया जाएगा। राउरकेला के पुलिस अधीक्षक नितेश वाध वानी एवं पश्चिमी रेंज के उपमहानिरीक्षक बृजेश राय को कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उनके मार्गदर्शन से युवाओं में सामाजिक नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने की अपेक्षा है।

## दुर्गा स्वीट्स में पैकेजिंग और लाइसेंस में पाई गई अनियमितताएं

**रायगढ़।** दीपावली पर्व को मद्देनजर रखते हुए रायगढ़ जिले में आम जन को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. अनिल कुमार जगत के निर्देशन एवं श्रीमती सुधा चौधरी, अभिहित अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के द्वारा विभिन्न मिठाई की दुकानों एवं अन्य खाद्य विनिर्माण इकाईयों का सतत निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में संदेह के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के द्वारा दुर्गा स्वीट्स, इंडस्ट्रीयल एरिया चक्रधर नगर रायगढ़ में निरीक्षण करते हुए कार्न पफ फ्राईस के पैकेट में फटाखा चिपकाकर विनिर्माण करते हुए पाया गया और विक्रय के लिए भण्डारित भी पाया गया। जिसमें कुल 30 बोरियां थी, दो बोरी में से नमूना लेकर विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर प्रेषित किया गया। 28 बोरियों को संचालक की अभिरक्षा में रखा गया है। 18000 रुपए लगभग का माल सीज किया गया है। साथ ही लेबल भी नहीं पाया गया तथा लाईसेंस नम्बर जो लेबल में डला है वो वैलिड नहीं है।

## अनुवादक के लिए 21 और केमिस्ट के लिए 22 अक्टूबर आवेदन की अंतिम तिथि

**सारंगढ़।** व्यापम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर में अनुवादक के लिए 21 अक्टूबर और रसायन के साथ बीएससी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के केमिस्ट पद के लिए 22 अक्टूबर तक की शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है।

## बच्चों ने बनाई मनमोहक रंगोली, सभी ने सराहा



**पत्थलगांव।** सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्री-प्रायमरी के बच्चों का दीया सजाओ प्रतियोगिता, कक्षा 1ली से 3री तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं कक्षा 4थी से 12वीं तक के विद्यार्थियों का शालेय दल के आधार पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस रंगोली प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि फादर सुनील कुमार खलखो ये.स. प्राचार्य सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव थे।

इस चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता की अध्यक्षता फादर सिलास टोप्पो ये. स. उपप्राचार्य एवं मिस मनीषा मिल्योर खलखो के द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता इस वर्ष के स्कूल के वार्षिक उद्देश्य आकांक्षाओं से भरे भविष्य हेतु शिक्षा पर केन्द्रित था। इसी कड़ी में निम्न बिन्दुओं पर रंगोली बनाया गया 'एक पेड़ माँ के नाम', प्रकृति संरक्षण, बेटी बचाओ, पेड़ बचाओ जीवन बचाओ, अनेकता में एकता, दीवाली दीयों से सजा हमारा विद्यालय, दीपावली रंगोली, राष्ट्रीय पक्षी, लोकतंत्र, मानवता, नारी सशक्तिकरण, देश-प्रेम, लोककला का महत्व और दुनिया को बदलने का सबसे शक्तिशाली हथियार ₹शिक्षा₹ आदि। इस रंगोली प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भव्य एवं सृजनात्मक रंगोली का परिचय दिया। चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ₹बच्चों की सृजनात्मकता एवं आंतरिक गुणों को निखारना, दीपावली में घरों की सजावट को सिखाना एवं लोगों में विभिन्न सामाजिक मूल्यों को उजागर करना था।₹ विद्यार्थियों के इस रंगोली प्रतियोगिता के मूल्यांकनकर्त्ता मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंण्डरी स्तर में मिस प्रमिला कुजूर, मिस एमलेन टोप्पो, सर फ्लोरेंसियुस टोप्पो, मिस मंजुलता पटनायक और प्राथमिक स्तर में मूल्यांकनकर्त्ता मिस राजकिशोरी कुल्लू, मिस यशोदा, सर बेरनर्ड लकड़ा एवं मिस अनुरीना किस्पोट्टा थे। आज के इस रंगोली प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि फादर सुनील कुमार खलखो ये.स. प्राचार्य ने बच्चों के दलगत आकर्षक, मनमोहक एवं सृजनात्मक रंगोली को देखकर बच्चों के गुणों, क्षमताओं और उनके कलात्मकता की अत्यंत सराहना करते हुए कहा कि आज के बच्चों में हुनर की कमी नहीं, बस उन्हें प्रोत्साहन और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

### प्रदेश के धर्मस्व व पर्यटन मंत्री ने जशपुर में ली पत्रकारवार्ता

# स्वदेशी से खुलेगा खुशहाली और आत्मनिर्भरता का मार्गः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ आपरेशन सिंदूर को बताया स्वदेशी की सबसे बड़ी सफलता

प्रदेश के धर्मस्व व पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल शनिवार को स्वदेशी के विषय में सर्किट हाउस में पत्रकारवार्ता ली। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होनें कहा कि भारत 2 सौ सालों तक अंग्रेजों की गुलामी में रहा। स्वतंत्रता के बाद 60 साल तक देश में राज करने वाली कांग्रेस ने देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्ववाली केंद्र सरकार ने स्वदेशी के मंत्र से आत्म निर्भर भारत का बिगुल फूंका है। इसका असर महानगरों से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचल तक दिखाई दे रहा है। उन्होनें कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले का बदला लेने के लिए भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत भारत में बैठे-बैठे ही आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इतना ही नहीं,जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने की कोशिश की तो स्वदेशी तकनीक से विकसित सुदर्शन और ब्रम्होस मिसाइल ने पाक के मंसूबों पर पानी फेर दिया।




### 23 हजार 622 करोड़ के निर्यात के साथ 17 हजार युवाओं को रोजगार


भारत के स्वदेशी रक्षा उपकरणों के शौर्य को पूरे विश्व देखा। इसका असर यह हुआ है कि भारत का रक्षा निर्या 1 हजार 941 करोड़ रूपये से बढ़ कर 2024-25 में 23 हजार 622 करोड़ पहुंच गया। रक्षा के क्षेत्र में 17 लाख से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। मंत्री अग्रवाल ने अपील करते हुए कि त्यौहार के इस सीजन में हम स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी करके अपने देश के छोटे व मझोले उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। इससे देश की अर्थ व्यवस्था भी मजबूत होगी। जशपुर की विधायक रायमुनि भगत पत्रकारवार्ता में नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव,शंकर गुप्ता,नरेश नंदे,जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा,गोविंद राम,नगर पालिका जशपुर के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,देवधन नायक,फैजान सरवर खान सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**रायपुर में विकसीत होगा स्वदेशी बाजार:** मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फार वोकल के मंत्र पर चलते हुए रायपुर में स्वदेशी उत्पादों के लिए एक विशेष बाजार विकसीत करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होनें बताया कि इस बाजार में प्रदेश में उत्पादित होने वाले स्वदेशी वस्तुओं की मार्केटिंग और क्रेताओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ताकि उत्पादकों को बाजार उपलब्ध हो सके और उन्हें उत्पादों का सही मूल्य मिल सके।

**स्वदेशी को अपनाएं: जूदेव:** पत्रकारवार्ता में मौजूद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र हम सबको आत्मसम्मान के साथ विश्वमंच में खड़े होने का अवसर देता है। उन्होनें कहा कि इससे भारत के गांव के अंतिम छोर में रहने वाले किसान व मजदूरों की आर्थिक उन्नति का रास्ता खुलता है। उन्होनें त्यौहार के दौरान स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी करने की अपील की।

## मिर्च की खेती से किसान सायो को मिला रोजगार का बेहतर अवसर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कृषि के साथ अन्य फसलों को लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग के द्वारा जिले के किसानों को साग सब्जी की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि हो सके। जिला प्रशासन के अंतर्गत उद्यान विभाग के द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के किसानों को उद्यान विभाग द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्नत फसल उत्पादन करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है।



# धुरंधर का टाइटल ट्रैक रिलीज, फिर दिखा रणवीर का एक्शन अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जबसे फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तबसे इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने 2 मिनट 39 सेकंड का ट्रैक जारी किया है, जिसके बोले हैं 'ना दे दिल परदेसी नू...'। इसमें अभिनेता रणवीर सिंह का खूंखार अवतार दिख रहा है और उन्हें फुल एक्शन मोड में देखा जा रहा है। एक्टर को दुश्मनों पर जोरदार वार करते देखा जा सकता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकियों का सफाया करता है।

## लाइफ Style

# सामंथा
## मेरा सब सोशल मीडिया पर रहा

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने एक कार्यक्रम में अपने कॅरियर के साथ-साथ सोशल मीडिया को लेकर भी अपने विचार दिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर लाइक्स मिलना स्ट्रगल है।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मेरी लाइफ कोई परफेक्ट नहीं है, लेकिन मैं अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं। 'मैं केवल अपने सफर और अपनी जर्नी पर बात करती हूं। मैं दूसरो के सफर पर नहीं बोल सकती, लेकिन खुद के लिए बोल सकती हूं और जितना हो सके रियल रहने की कोशिश करती हूं। मेरी बीमारी, मेरा अलगाव...सब सोशल मीडिया पर रहा, खूब जज भी हुई और चीजों को लेकर ट्रोल भी हुई। सोशल मीडिया पर लोगों को इतनी एक्सेस मिल गई है कि ये कभी-कभी किसी के लिए बहुत डीमोटिवेटिंग भी हो सकता है, क्योंकि सबकी जिंदगी एक जैसी नहीं होती। सामंथा रुथ प्रभु ने कहा है कि यूथ को अपने मेंटर चुनने में बहुत सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि ये आपकी जिंदगी को बहुत प्रभावित करते हैं। तो सोशल मीडिया पर किसी को फॉलो करने से पहले आपको देखना चाहिए कि आप किसे फॉलो कर चुके हैं।

एक्ट्रेस अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुआ कहा, 'मैं बहुस साधारण परिवार से हूं, कभी मेरा परिवार खाने के लिए भी संघर्ष कर रहा था, जब मेरी पहली फिल्म हिट हुई मैं रातों रात स्टार बन गई। नेम, फेम, पैसा, शोहरत सब मिला। मैंने दो साल काम नहीं किया ,क्योंकि मैं चाहती थी कि ऐसा काम करूं जो बतौर एक्टर और इंसान मुझे कुछ बेहतर बनाए।



## हॉलीवुड मसाला



# दो साल में दोगुनी हो गई नेटवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट इस वक्त दुनिया की सबसे पॉपुलर, सबसे सफल, सबसे अधिक कमाई कर रहीं आर्टिस्ट हैं। 35 साल की इस सिंगर की आवाज और खूबसूरती के पीछे फैंस दीवाने हैं। दो साल पहले 2023 में वह अरबपति बनी थीं, तब उनकी नेटवर्थ 1.24 बिलियन डॉलर यानी करीब 10,904 करोड़ रुपए आंकी गई थी। लेकिन, अब एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिर्फ दो साल में अपनी संपत्ति लगभग दोगुनी कर ली है। वर्तमान में टेलर स्विफ्ट की कुल संपत्ति 2.1 बिलियन डॉलर (लगभग 18,450 करोड़ रुपए) आंकी गई है। इसका सबसे बड़ा श्रेय, टेलर स्विफ्ट के 12वें स्टूडियो एल्बम, द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल और उनके वर्ल्ड टूर को जाता है।




# टॉम क्रूज और एना डे अरमास का हुआ ब्रेकअप

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल और टॉप गन जैसी सफल फिल्में देने वाले हॉलीवुड के सुपरस्टार टॉम क्रूज पिछले कुछ महीने से 37 साल की एक्ट्रेस एना डे अरमास के साथ अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में थे। दोनों को जुलाई में साथ हाथों में हाथ डाले वेकेशन मनाते हुए स्पॉट किया गया था, जिसके बाद ही दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि, अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस का दिल टूटने वाला है। 63 साल के टॉम क्रूज का चौथी बार ब्रेकअप हो गया है। रिपोट्र्स की मानें तो उन्होंने और एना डे अरमास के साथ 9 महीने की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। एना डे अरमास और टॉम क्रूज ने म्यूचली अपने रिश्ते को खत्म करने का निर्णय लिया है। रिपोट्र्स की मानें तो, दोनों ने एक-दूसरे के साथ जितना समय बिताया वह अच्छा था, लेकिन कपल के रूप में उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। वह दोस्त रहेंगे, लेकिन अब एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्हें ये एहसास हो गया था कि उनके बीच में दूरियां बढ़ रही हैं और वह ज्यादा समय बतौर पार्टनर रिश्ता नहीं चला पाएंगे।



# जॉय फोरम में एक साथ दिखे शाहरुख-आमिर और सलमान

**मुंबई।** यूट्यूबर मिस्ट बीस्ट यानी जिम्मी डोनाल्डसन ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीर से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। यह तस्वीर सऊदी अरब के रियाद में हुए जॉय फोरम से आई है। मिस्टर बीस्ट ने यह तस्वीर बीती 16 अक्टूबर को रात को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है। इस तस्वीर में मिस्टर बीस्ट को तीनों खान के साथ हैप्पी मोमेंट शेयर करते देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वीर में शाहरुख खान ऑल ब्लैक सूट-बूट पहने हुए नजर आ रहे हैं। 'मिस्टर बीस्ट' का भी डैपर लुक दिख रहा है।



# अर्जुन की झोली में आई राइज एंड फॉल की ट्रॉफी

**मुंबई।** अर्जुन बिजलानी शो 'राइज एंड फॉल' के पहले सीजन के विजेता बने हैं। छह फाइनलिस्ट में हुए मुकाबले में अर्जुन ने शो की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, आरुष भोला पहले रनरअप, अरबाज पटेल शो के दूसरे रनरअप रहे। रियलिटी शो की शुरुआत 15 प्रतिभागियों के साथ हुई थी। शो में अर्जुन बिजलानी, आरुष भोला और अरबाज पटेल तीन फाइनलिस्ट के रूप में चुने गए। इनमें से अर्जुन बिजलानी पहले सीजन के विनर बने हैं। शो 'राइड एंड फॉल' को 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया। यह शो प्रतिभागियों के सनसनीखेज और तीखे बयानों के चलते खूब सुर्खियों में रहा। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह भी इस शो में नजर आए। हालांकि, उन्होंने शो बीच में ही छोड़ दिया था। अर्जुन को ट्रॉफी के अलावा 28 लाख 10 हजार रुपए का नकद इनाम मिला है।

## टीवी मसाला




# घरवालों के लिए नेहल ने दिया बलिदान, फैमिली लेटर का किया त्याग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में अब हंगामे बढ़ते ही जा रहे हैं। हाल के एपिसोड में कैप्टेंसी टास्क हुआ, जहां फरहाना भट्ट एक ऐसा बोल्ड मूव लेती हैं, जिससे सब हैरान हो गए। खुद को कैप्टेंसी कंटेनडर्स की लिस्ट में रखने के लिए फराना ने नीलम गिरी के पैरेंट्स द्वारा लिखे लेटर को फाड़ देती हैं। फरहाना की इस हरकत से नीलम गिरी इमोशनल हो जाती हैं और रोने लगती हैं। इस पर गौरव खन्ना उन्हें लेटर के कुछ पीस देते हैं और उन्हें शांत रहने को बोलते हैं। लेकिन, फिर बिग बॉस इस टास्क को रद्द कर देते हैं, जिससे घरवाले हैरान हो जाते हैं। इन सबके बीच अब एक नया प्रोमो सामने आया है जिसमें बिग बॉस नेहल चुडासमा जो फिलहाल घर की कैप्टन हैं उन्हें दोबारा मौका देते हैं, लेकिन एक बड़े प्राइज के साथ। बिग बॉस नेहल को बोलते हैं कि उन्हें अपना लेटर सैक्रिफाइज करना होगा, ताकि बाकी कंटेस्टेंट्स को उनका मिल चुके। प्रोमो में बसीर अली और अशनूर कौर अपने लेटर पढ़ते हैं तो नेहा इमोशनल हो जाती हैं। फरहाना और बसीर जहां नेहल की तारीफ करते हैं। हालांकि रियल कंडीशन स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन प्रोमो से नेहल की ओर से एक बड़े त्याग का संकेत मिलता है। वहीं, इसके अलावा लेटेस्ट एपिसोड में अमाल और फरहाना के बीच बड़ा हंगामा हुआ है जब फरहाना, नीलम का लेटर फाड़ देती हैं। अमाल उनके फैसले को बुरा बताते हैं।

## बिग बी ने खोला अपना डाइट सीक्रेट

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 का जूनियर्स वीक चल रहा है। इसमें होस्ट अमिताभ बच्चन और कंटेस्टेंट्स के बीच इंट्रेस्टिंग बातें सामने आ रही हैं। अमिताभ बच्चन के सामने स्पूहा तुषार शिंखेड़े नाम की कंटेस्टेंट थीं। वह उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर तारीफ कर रहे थे। तभी उनकी मां ने बताया कि उनकी बेटी ऑल राउंडर तो है, लेकिन खाने में बहुत कच्ची है।



इस पर अमिताभ बच्चन ने बताया कि वह क्या-क्या खाते हैं। स्पूहा की मां ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उनकी बेटी धीरे-धीरे खाती है और बाकी चीजों में भी ढीली है। इस पर स्पूहा बिग बी से पूछती हैं, 'जैसे मैं धीरे खाती हूं, आपकी खाने-पीने की आदतें कैसी हैं?' इस पर अमिताभ बच्चन बोले, 'कुछ चीजें मैं नहीं खाता। चावल, केक, पेस्ट्री नहीं खाता। मुझे जलेबी पसंद है, लेकिन खा नहीं सकता। पर जो मिलता है खा लेता हूं।' अमिताभ बच्चन ने आगे बताया, 'एक रूटीन है जिसे मैं मेनटेन करता हूं, क्योंकि मुझे सेट्स पर जल्दी आना पड़ता है। वर्ना ये लोग नौकरी से निकाल देंगे। मैं रात के 1 बजे घर पहुंचता हूं। मुझे आप लोगों से जो प्यार मिलता है, उसी से पेट भरा रहता है।'

# इश्क से रोशन हुईं बॉलीवुड की दीपावली पार्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिवाली पार्टियां सोशल मीडिया पर इन दिनों छा चुकी हैं। इन पार्टियों की चर्चा के बीच कुछ रूमर्ड कपल्स भी खबरों में हैं। कुछ बेझिझक साथ दिख रहे हैं तो कुछ अलग-अलग एंट्री लेकर एक ही दिवाली पार्टी में दिखे हैं।

### सुहाना -अगस्त्य

शाहरुख खान की बेटी सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की डेटिंग की खबरें लंबे समय से सुनने को मिल रही हैं। लेकिन, इस कपल ने अब तक अपना रिलेशन ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया है। पिछले साल दोनों रानी मुखर्जी की दिवाली पार्टी पर साथ दिखे थे। इस साल डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। सुहाना और अगस्त्य का एक वीडियो भी वायरल भी पार्टी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों 'कजरारे ' सॉन्ग पर डांस कर रहे हैं।



### फातिमा -विजय

पिछले कुछ समय से विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की डेटिंग की भी चर्चा है। ये दोनों भी मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। फातिमा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर विजय वर्मा के साथ कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। विजय वर्मा की बात करें तो पहले वह तमन्ना भाटिया को डेट कर चुके हैं, लेकिन कुछ महीने पहले इनका ब्रेकअप हो गया।

### तारा सुतारिया-वीर पहाड़िया

तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का इश्क अभी नया-नया है। हाल ही में दोनों वेकेशन पर भी साथ गए। सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे की तारीफों के पुल तारा और वीर बांधते रहते हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में दोनों ने साथ एंट्री ली। पैपराजी को साथ में पोज दिए।


### इब्राहिम -पलक

सैफ अली खान के बेटे और एक्टर इब्राहिम अली खान टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के साथ अक्सर देखे जाते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स पलक को इब्राहिम की रूमर्ड गर्लफ्रेंड मानते हैं। मुंबई में हुई एक दिवाली पार्टी में इब्राहिम और पलक अलग-अलग पहुंचे। इस पार्टी से दोनों के अलग-अलग वीडियो भी वायरल हुए। बताते चलें कि पलक तिवारी की इब्राहिम अली खान की बहन सारा अली खान के साथ भी अच्छी बनती हैं। एक बार सारा, इब्राहिम और पलक को साथ में आउटिंग पर देखा गया था।

# दीपावली पर ओटीटी के साथ थियेटर गुलजार!

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर भारतीय दर्शकों का खूब मनोरंजन होने जा रहा है। फेस्टिव सीजन पर सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इनमें हॉरर-कॉमेडी से लेकर इंटेंस ड्रामा तक शामिल हैं। इनमें हर वर्ग के दर्शक के लिए फिल्में और सीरीज उपलब्ध हैं।

**महायोद्धा राम 3डी :** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर और मौनी रॉय की माइथोलॉजिकल एपिक महायोद्धा राम 3डी 17 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई। रायजादा रोहित जयसिंह वैद ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह 3डी फिल्म भगवान राम के राजकुमार से धर्म के लिए लड़ने वाले योद्धा तक का सफर दिखाएगी. इसमें जिमी शेरगिल और गुलशन ग्रोवर भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते दिखाई देंगे।



*भागवत चैप्टर 1 – राक्षस : यह मशहूर अभिनेता जितेंद्र कुमार और अरशद वारसी की डार्क थ्रिलर सीरीज है। इंस्पेक्टर विश्वास भागवत मिसिंग गर्ल्स केस को सुलझाते समय कुछ डार्क सीक्रेट्स को सामने लाता है। अक्षय शेरे ने इसे डायरेक्ट किया है। ज्योति देशपांडे ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज हो गई।*

**थामा :** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की वैम्पायर हॉरर-कॉमेडी का इंतजार इस दीपावली पर खत्म हो रहा है। इसमें रश्मिका मंदाना उनके अपोजिट दिखाई देंगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आदित्य सरपोतदार ने इसे डायरेक्ट किया है। मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में एक शख्स की कहानी है जो जाने-अनजाने में एक पिशाच को जगा देता है और खुद भी एक पिशाच बन जाता है।

**एक दीवाने की दीवानियत :** इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी दिखाई देगी. इसमें इंटेंस लव स्टोरी, पैशन, और हार्टब्रेक की इमोशनल कहानी है। मिलाप मिलन जावेरी ने इसे डायरेक्ट किया है। यह पहली बार है जब हर्षवर्धन और सोनम की जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कहानी में पिरोई गई है पारिवारिक ताने-बाने और रिश्तों की अहमियत

# बॉलीवुड की इन फिल्मों में दिखती हैं दीपावली की झलकियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्में हमेशा से हमारे समाज का आईना रही हैं। देश की सामाजिक समस्याओं से लेकर अलग-अलग हिस्सों के रीति-रिवाजों और कल्चर को दिखाने में ये फिल्में कभी पीछे नहीं रहीं। भारतीय त्योहारों की झलकियां भी इन फिल्मों में देखने को मिलती रही हैं। फिर चाहे वो होली हो या दीपावली। 20 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है तो हम उन फिल्मों की बात करेंगे जिनमें रोशनी के पर्व की खूबसूरत झलकियां देखने को मिलती हैं। इन फिल्मों में पारिवारिक ताने बाने की झलक भी दिखाई गई है।

### कभी खुशी कभी गम

'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान और जया बच्चन के बीच दिखाया गया प्रतिष्ठित दिवाली दृश्य हर सिनेप्रेमी के दिल में बसा हुआ है। जया बच्चन, शाहरुख खान की मां का किरदार निभा रही हैं। वो अनजाने में ही उनके आने का आभास कर लेती हैं। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन और करीना कपूर भी लीड भूमिकाओं में थे।

### मोहब्बतें

साल 2000 में आई शाहरुख खान की मशहूर फिल्म 'मोहब्बतें' में दिवाली का एक गाना 'जोड़ों में बंधन है' था। इस मधुर गाने ने सभी के दिलों में खास जगह बनाई है, खास तौर पर स्टार-स्टडेड कास्ट की वजह से। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी जैसे कई कलाकार भी थे।



### आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

*'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।*

### वास्तव

*संजय दत्त को गैंगस्टर के रूप में पेश करते हुए 'वास्तव' परिवार के महत्व के बारे में बात करती है। दिवाली के त्यौहार के दौरान संजय अपने परिवार से मिलने के लिए अपने ठिकाने से बाहर आते हैं। फिल्म में एक ऐसा क्षण था जहां संजय दत्त अपनी मां (रीमा लागू) को अपने द्वारा पहने जाने वाले सोने की कीमत समझाते हैं, जबकि सबसे मशहूर डायलॉग 'ये देख पच्चास तोला'बोलते हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नम्रता शिरोडकर, संजय नार्वेकर, मोहिनीश बहल, परेश रावल, रीमा लागू और शिवाजी साटम भी मुख्य किरदारों में थे।*

### हम आपके हैं कौन

साल 1994 की बॉलीवुड फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में दिवाली का एक प्यारा सा दृश्य था, जिसमें रेणुका शाहणे का किरदार त्यौहार के बीच ही एक प्यारे बच्चे को जन्म देता है। पूरा परिवार उसके आगमन के अवसर पर दिवाली मनाता है। इस फिल्म का एक पॉपुलर गाना 'दिक्तना' यादगार है। सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित और मोहनीश बहल भी अहम भूमिकाओं में थे।

### चाची 420

कमल हासन की 'चाची 420' में एक सीन था जिसमें चाची भारती की ट्यूटर के तौर पर दुर्गाप्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं, जहां वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं। 1993 की हॉलीवुड फिल्म मिसेज डाउटफायर से प्रेरित इस हिंदी कॉमेडी रीमेक में तब्बू, अमरीश पुरी, ओम पुरी, जॉनी वॉकर, परेश रावल, राजेंद्रनाथ जुत्शी, आयशा जुल्का, नासिर और फातिमा सना शेख ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

**खबर संक्षेप**

### न्यू लाईफ में भगवान धनवंतरी पूजा



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के नए भवन में धनतेरस के शुभ अवसर पर चिकित्सा एवं आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा विधिवत आयोजित किया गया। मान्यता है कि धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी अमृत कलश लेकर समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के इस अवतार की पूजा विशेष रूप से धनतेरस पर की जाती है। इस कार्यक्रम में संस्था के संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### ग्राम बुंदेली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में रजत जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम बुंदेली में विकासखंड स्तरीय रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य गठन के बाद पिछले 25 वर्षों में हुई उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना और भविष्य के छग निर्माण में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। आयोजन में ग्रामीणजन, किसान, महिलाएं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा उप संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में किया गया। विभागीय अधिकारियों ने कृषकों को राज्य एवं केन्द्र पोषित कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि से संबंधित समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

### आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय टेबल टॉप बैठक 29 को

**बलरामपुर।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य एवं जिलों में बाढ़ आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने एवं संभावित बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने सीएसएसआर बाढ़ बचाव परिदृश्य पर 29 अक्टूबर को टेबल टॉप (बैठक) तथा 30 अक्टूबर को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा अपर कलेक्टर आरएस लाल व जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी शिवकुमार कठुतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाने मिलेगा अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसके तहत असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जल वितरण संचालक, मेसन जनरल (राज मिस्त्री), डाटा एंट्री ऑपरेटर, फील्ड टेक्निशियन ए.सी., जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, सिविंग मशीन ऑपरेटर (सिलाई) एवं डेस्कटॉप पब्लिशिंग जैसे ट्रेडों में युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल सिखाया जाएगा।

### चोरी का कबाड़ ले जा रहा ऑटो जब्त

**चरचा कॉलरी।** थाना चरचा क्षेत्र में अवैध कबाड़ परिवहन और चोरी की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में सक्रिय कबाड़ी माफिया खुलेआम एसईसीएल परिसर, रेलवे साइडिंग और बाजार क्षेत्रों से लोहे-तांबे के टुकड़े, टूटा-फूटा सामान, टीन और प्लास्टिक सामग्री इकट्ठा कर अवैध रूप से कबाड़ के रूप में ले जा रहे हैं। पुलिस गश्त के बावजूद यह नेटवर्क सक्रिय बना हुआ है। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे थाना चरचा से लगभग 5 किमी दूर ग्राम पंचायत खरवत के पास एक कबाड़ से भरा ऑटो क्रमांक सीजी 7 बीबी 9387 संदिग्ध हालत में खड़ा पाया गया। स्थानीय लोगों ने वाहन को देखा तो चालक मौके से फरार था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। टीम ने ऑटो को जब्त कर वाहन में भरे कबाड़ की जांच की। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वाहन में एसईसीएल क्षेत्र से चोरी किए गए लोहे और अन्य कबाड़ सामग्री लदी हुई है।

देवनगर की टीम ने खो-खो और कबड्डी में जमाया दबदबा

# सांसद खेल महोत्सव में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर



अतिथियों के साथ खिलाड़ी।

विकासखंड रामानुजनगर में 15 से 16 अक्टूबर तक विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन में क्षेत्र के लगभग 400 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पारंपरिक खेल खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद का आयोजन किया गया।

**खास बात**
- रामानुजनगर ने वॉलीबॉल में मारी बाज़ी

प्रतियोगिता में देवनगर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कबड्डी के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीत हासिल की, वहीं खो-खो में भी देवनगर की टीम ने अपना वर्चस्व कायम रखा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रामानुजनगर की टीम विजेता रही, जबकि रस्साकशी पुरुष वर्ग में पंपानगर की टीम ने जीत दर्ज की। व्यक्तिगत खेलों में विभिन्न ग्रामों से आए खिलाड़ियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में नयन सिदार,पवन सिंह, सौभाग्य दुबे, गुलाब सिंह, संध्या राजवाड़े, किरण साहू, भगवती पैकरा, फुलेश्वर सिदार, विजय सिरदार, रन सिंह टेकाम, राजलाल राजवाड़े, हेमदास मिश्रा, सुमित साहू सहित जनप्रतिनिधि के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस. लकड़ा, बीआरसी मनोज जायसवाल, बीपीओ रवी नाथ तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विकासखंड के समस्त व्यायाम शिक्षक, खेल सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप शर्मा द्वारा किया गया।



## श्रमदान कर की गई साफ- सफाई

**बरबसपुर।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत महाराजपुर में अमृत सरोवर में रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर अमृत सरोवर महराजपुर का साफ-सफाई किया गया और जिला पंचायत उपाध्यक्ष एमसीबी राजेश साहू के द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई कि हम अपना गांव गली नगर चौक चौराहा आसपास गंदगी नहीं करेंगे साफ सुथरा रखेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे कि कोई भी कहीं गंदगी ना फैलाएं। प्रत्येक सप्ताह में 2 घंटे का समय देकर अपना गांव गली नगर चौराहा साफ-सुथरा रखें। श्रमदान में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, महाराजपुर सरपंच श्रीमती बुटल सिंह, सचिव संतलाल साहू, उप सरपंच नरेश यादव, भाजपा मंडल नागपुर मीडिया प्रभारी महेश साहू ,महावीर लकड़ा, सुनील कुजूर, सुनील अगरिया, संदीप अगरिया, राजू मिंज ,ब्रिजेश, महिला पांच श्रीमती बुद्धमनीय व अन्य उपस्थित रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू महाराजपुर का अमृत सरोवर बहुत अच्छी जगह 43 से लगा हुआ है।

## नर्सिंग से शत प्रतिशत मिलती है शिक्षा




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुंठपुर के द्वारा नर्सिंग पाठ्यक्रम उपरांत बेहतर भविष्य के संबंध में अवगत कराया गया कि, वर्तमान में नर्सिंग की शिक्षा एक बेहतर विकल्प है, जो कोरिया जिले में ही रहकर प्राप्त किया जा सकता है एवं रोजगार की शत-प्रतिशत गारंटी देता है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग इंडियन नर्सिंग काउंसिल दिल्ली, छग शासन, नर्सो के पंजीयन के लिए स्टेट नर्सिंग काउंसिल रायपुर एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुल सचिव के द्वारा विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त निजी नर्सिंग महाविद्यालय को भारतीय उपचर्या परिषद् (आईएनसी) से उपयुक्तता प्राप्त करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुंठपुर को सत्र 2015 से लगातार आईएनसी से संबंद्धता/उपयुक्तता प्राप्त हो रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कोरिया जिले अंतर्गत संचालित नर्सिंग संस्थानों में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग बैकुण्ठपुर को आईएनसी से उपयुक्तता प्राप्त हो चुका है। आज देश दुनिया में जितनी तेजी से नए-नए हॉस्पिटलों का निर्माण हो रहा है, बीमारी एवं मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में ज्यादा से ज्यादा नर्सिंग पदों पर भर्ती हो रही है। बीएससी नर्सिंग उपरांत पीजी, एमएससी नर्सिंग कोर्स किया जा सकता है। नर्सिंग अंतर्गत कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, आप्थेल्मोंलॉजी, आथार्पेडिक्स आदि विभिन्न क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। नर्सिंग क्षेत्र में एमफील, पीएचडी कोर्स भी किया जा सकता है।



## बीएमएस ने ठेका कर्मियों के शीघ्र बोनस भुगतान कराने हेतु सीआईएल प्रबंधन के समक्ष रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भारतीय मजदूर संघ के कोल प्रभारी के.लक्ष्मा रेड्डी के नेतृत्व में सीआईएल प्रबंधन के साथ बैठक गत दिनों आयोजित हुई,ठेका श्रमिकों के पीएलआई-बोनस भुगतान में हो रही देरी को लेकर बीएमएस नेताओं ने नाराजगी जाहिर की,बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद,निदेशक मानव संसाधन डॉ.विनय रंजन, ईडी एचआर गौतम बनर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे,बीएमएस नेताओं ने सीआईएल प्रबंधन से कहा कि ठेका श्रमिकों का बोनस भुगतान नहीं किया जा रहा है,जिसका निराकरण अतिशीघ्र किया जाना आवश्यक है,मामले में सीआईएल प्रबंधन ने तत्काल सभी अनुषांगिक कंपनियों को निर्देशित किया कि दीवाली के पूर्व ठेका कामगारों को पीएलआई- बोनस का भुगतान किया जाए,बताया गया कि प्रबंधन के निर्देश के बाद सहयोगी कंपनियों ने अपने क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को बोनस भुगतान के लिए पत्र भेजना शुरू किया है।बैठक में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष संजय चौधरी,महामंत्री सुजीत सिंह, संजय सिंह,अशोक मिश्रा,सुधीर घुरडे,सुस्मिता पटेल की मौजूदगी रही,बैठक में सभी भूमिगत खदानों में मैन राईडर,सभी खदानों में पीने के पानी की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष कर्मियों के लिए अलग अलग शौचालय,भूमिगत खदानों में शौचालयों की व्यवस्था प्रदान की जाए,नियमित गैर अधिकारी कर्मियों की भर्ती किया जाए,नियमित कर्मचारियों की भागीदारी न्यूनतम 50 प्रतिशत किया जाए,कोल इंडिया, सिंगरेणी और नैवेली में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों को एचपीसी वेजेस, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, आवासीय व्यवस्था, जॉब सुरक्षा, सालाना बोनस, सीएमपीएफ भुगतान एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं का पुख्ता क्रियान्वयन, सुरक्षा नियमों के धड़ल्ले से हो रहे उल्लंघन पर रोक लगाते हुए सुरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराने,अंधाधुंध उत्पादन टारगेट से हो रहे प्रक्षण एवं असुरक्षित माइनिंग पर यथाशीघ्र अंकुश लगाने, सीएमपीएफ संगठन को सुचारित करने, कोल इंडिया और उसकी सभी अनुषांगिक कंपनी में मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल का निर्माण करने,सेवानिवृत्त कर्मियों के सीपीआरएमएस स्कीम में कैशलेस इलाज कराने व सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मार्ट कार्ड यथाशीघ्र प्रदान करने, कोल इंडिया के सभी अनुषांगिक कंपनी और सिंगारेणी एवं नैवेली कंपनी में एक जैसा सदस्यता सत्यापन, चेक ऑफ सिस्टम, आईआर प्रणाली करने,रिसर्ट्रिक्टड सर्टिफिकेट धारक माइनिंग संवर्ग के गैर अधिकारी से अधिकारी वर्ग में पदोन्नति करने,कोल उद्योग में महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने,भूमि अधिग्रहण पॉलिसी में आवश्यक सुधार कराने जैसे अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा कर मांग की गई।

- बीएमएस ने ठेका कर्मियों के शीघ्र बोनस भुगतान कराने हेतु सीआईएल प्रबंधन के समक्ष रखी मांग

### 23 को भाईदूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

**बलरामपुर।** कलेक्टर बलरामपुर द्वारा स्थानीय अवकाश में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में 21 नवम्बर को दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। चूंकि राज्य शासन ने 21 नवम्बर 2025 को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में राज्य के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर अब कलेक्टर द्वारा 23 अक्टूबर को भाई दूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

## जैतहरी महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम




**अनूपपुर।** शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में सत्र 2025-26 के तीन दिवसीय युवा उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला, भाषण, कोलाज, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, साथ ही एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य तथा नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.संगीता उइके ने कहा कि युवा उत्सव की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को एक मंच उपलब्ध कराती हैं, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

### सुनील बने युवा केवट समाज के ब्लॉक अध्यक्ष

**भैयाथान।** भैयाथान में युवा केवट समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष सुनील नाविक भोलू, उपाध्यक्ष मनित केवट, प्रताप नाविक, राजेश कांशी, सचिव दीपेश कांशी, विजय नाविक, सह सचिव पंकज नाविक, नवीन कांशी, विवेक कांशी, प्रवक्ता निलेश नाविक, संरक्षक कृष्णा केवट, बबलू केवट, राकेश केवट, रिंकू नाविक, कार्यकारिणी सदस्य अमित केवट, दीपक केवट, जगदीश केवट, आकाश केवट, आंनद केवट सहित अन्य को शामिल किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष सुनील नाविक ने कहा की निषाद समाज ने जो जिम्मेदारी दिया है।

### मानसिक एवं भावनात्मक प्रबंधन प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत विकासखंड खड़गवां के जनपद पंचायत भवन में शनिवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य टीम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार समस्त संकुल प्राचार्य एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां तथा सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी का भी विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण का संचालन जिला नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती राष्टीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने किया।

## केबल चोरी के प्रकरण में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



थाना चरचा पुलिस ने केबल चोरी के मामले का महज तीन दिनों में पदार्फाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने बताया कि 15 अक्टूबर को प्रार्थी धरमनारायण पिता स्व. जगदीश राजवाड़े, निवासी विवेकानंद कॉलोनी चरचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एसईसीएल चरचा में कार्यरत है। 14 अक्टूबर की रात 11 बजे से सुबह 6 बजे की ड्यूटी के दौरान कार्यस्थल 56 लेवल पंप के पास रखे लगभग 450 मीटर लंबे केबल तार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कटर मशीन से काटकर चोरी कर लिया गया। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 70 से 80 हजार रूपए ऑकी गई। रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने लगातार संदेहियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। मंगल उर्फ गोलू पिता जनकराम बसोर 24 वर्ष, पुरूषोत्तम पार्क गोलर पिता रघुनाथ बसोर 21 वर्ष, मोहित पिता बेचनराम बसोर 21 वर्ष, अयोध्या पिता रामप्रसाद बसोर 19 वर्ष और नितेश पिता नरेश बसोर 19 वर्ष, सभी निवासी घुटरी दफाई, चरचा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पांचों ने केबल चोरी की वारदात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को 17 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी किए गए केबल को अपने पास रखकर बेचने की मंशा भी कबूल की है।

## माशा सारा में साइंस लर्निंग सेंटर का उद्घाटन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारा में 17 अक्टूबर को एक गौरवशाली पल आया, जब विद्यालय में जिले के दूसरे साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, एपीओ बृजराज गिरी, संकुल प्राचार्य रेखा यादव, सीएसी सारा अशोक लोधी, एसएमसी अध्यक्ष मान सिंह, उप सरपंच सुखलाल रजवाड़े, शाला परिवार, अभिभावक एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन पश्चात शाला की प्रधान पाठक श्रीमती सुनीता तिर्की, विज्ञान शिक्षिका नीतू कुशवाहा, इंद्रमन, आलोक सिंह कश्यप और पूजा कश्यप के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल, टीएलएम एवं प्रयोगों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य रेखा यादव ने की तथा संचालन सीएसी अशोक लोधी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों और शिक्षकों के नवाचार एवं परिश्रम की प्रशंसा की।

# न्यू लाइफ में सीपीआर पर प्रशिक्षण




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 17 अक्टूबर को भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से को सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

सीपीआर प्रशिक्षण देने का उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना, आम जनता में कार्डियों पल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि दिल के दौरे जैसी आपात स्थिति से लोगों की जान बचाई जा सके। सीपीआर जागरूकता सप्ताह एक बड़ी सफलता है, जिसने जनता के बीच जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडक्रॉस सोसायटी की पहल से समाज को अपात स्थितियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार होने में मद्द मिली है। इस तरह के आयोजन से भविष्य में भी लोग जागरूक होते रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनीष कुर्रे, डॉ. अमर भूषण, तारा मरावी एवं रफीक सिद्दिकी थे। जिन्होंने सीपीआर का प्रशिक्षण क्रम से दिया व जिसमें न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. मनीष कुर्रे के द्वारा सीपीआर के चरणों के बारे में जानकारी दी गई। इसमें सीपीआर (कार्डियों पल्मोनरी रिससिटेशन) के सात चरणों में घटनास्थल और व्यक्ति की जांच करना, सहायता के लिए 911 पर कॉल करना, वायुमार्ग खोलना, सांस लेने की जांच करना, छाती को दबाना, बचाव सांस देना और सीपीआर चरणों को दोहराना शामिल था तथा डॉ. अमर भूषण ने छात्र-छात्राओं को अपात कालीन स्थिति में संयम के साथ प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित करना।

इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम एसोसिएट प्रोफेसर निहा नेन्सी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता चिकनजूरी के द्वारा संस्था प्रबंधन के मार्गदर्शन में किया गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411